सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-167
03/04/2017

राष्ट्रपति श्री प्रणब मुखर्जी बिहार दौरे के बाद पटना से रवाना, हवाई अड्डे पर उन्हें विदाई दी गई

पटना, 03 अप्रैल 2017 :– राष्ट्रपति श्री प्रणब मुखर्जी बिहार दौरे के बाद आज दोपहर विशेष विमान से पटना से रवाना हुये। राष्ट्रपति श्री प्रणब मुखर्जी को पटना हवाई अड्डा पर विदाई दी गई। हवाई पट्टी पर राष्ट्रपति श्री प्रणब मुखर्जी को राज्यपाल श्री रामनाथ कोविन्द, मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार, जल संसाधन मंत्री श्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह, मेयर पटना नगर निगम श्री अफजल इमाम, मुख्य सचिव श्री अंजनी कुमार सिंह, पुलिस महानिदेशक श्री पी0के0 ठाकुर, प्रधान सचिव मंत्रिमंडल समन्वय श्री ब्रजेश मेहरोत्रा, आयुक्त पटना प्रमण्डल श्री आनंद किशोर, पुलिस महानिरीक्षक पटना श्री नैयर हसनैन खान, जिला पदाधिकारी पटना श्री संजय कुमार अग्रवाल, वरीय पुलिस अधीक्षक पटना श्री मनु महाराज ने फूलों का गुलदस्ता भेंट किया और उनके सुखद यात्रा की कामना की।

******